## खास खबरें

### 60 वर्षीय व्यक्ति को ले जाने की शिकायत, पुलिस ने केस दर्ज किया

**नप्र, भोपालः** गौतम नगर थाना क्षेत्र में 60 वर्षीय मकसूद खान, पिता मंसूर खान, को अज्ञात व्यक्ति द्वारा ले जाने की शिकायत सामने आई है। शिकायतकर्ता सन्नो बी ने पुलिस को सूचना दी। मामले में थाना गौतम नगर पुलिस ने बीएनएस की धारा 140(3) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। घटना शारदा नगर क्षेत्र की बताई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 12 वर्षीय बच्ची लापता, पुलिस ने गुम इंसान का मामला दर्ज किया

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र से 12 वर्षीय मनीषा लापता हो गई। पुलिस के अनुसार मनीषा, स्वर्गीय कायम सिंह की पुत्री है। वह बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने गुम इंसान क्रमांक 66/26 दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### दुकान का ताला तोड़कर नकदी और सामान चोरी

अवधपुरी थाना क्षेत्र के गुमटी नंबर 80, पिपल रोड स्थित ग्रीन वैली इलाके में चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात आरोपी दुकान का ताला तोड़कर 2,600 रुपये नकद, गुटखा, सिगरेट और अन्य सामान चोरी कर ले गया। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 15 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### इंद्रपुरी पार्किंग से डेढ़ लाख की यामाहा बाइक चोरी

पिपलानी थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी सी सेक्टर की पार्किंग से यामाहा एमटी-04 बाइक चोरी हो गई। बाइक की कीमत करीब 1.50 लाख रुपये बताई गई है। अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे कैमरों की मदद से आरोपी की तलाश कर रही है।

### नारायणनगर से हीरो बाइक चोरी

बागसेवनियां थाना क्षेत्र के नारायणनगर से हीरो बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता देवेंद्र रजक की बाइक एमपी-04 एनएक्स-6392 अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया। पुलिस ने वाहन चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लापरवाही से कार चलाकर टक्कर मारने का मामला

कोहेफिजा थाना क्षेत्र के हलालपुर बस स्टैंड पर तेज और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण टक्कर मारने का मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। घटना में वाहन चालक की लापरवाही की शिकायत की गई है।

### मारपीट में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

बजरिया थाना क्षेत्र में मारपीट में आई चोटों के चलते 48 वर्षीय दीपक की इलाज के दौरान मौत हो गई। दीपक, पिता गोरेलाल, चांदबड़ क्षेत्र का रहने वाला था। उसे मारपीट में चोटें आई थीं और हमीदिया अस्पताल में उपचार चल रहा था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव और उपभोक्ता अधिकारों पर विशेषज्ञों ने किया मंथन




**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** डिजिटल बाजार ने खरीदारी और भुगतान को आसान बनाया है, लेकिन इसके साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी, व्यक्तिगत जानकारी के दुरुपयोग और शिकायतों के त्वरित समाधान जैसी चुनौतियां भी बढ़ी हैं।

इन्हीं मुद्दों पर मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने भोपाल में विशेषज्ञों के साथ कार्यशाला आयोजित कर डिजिटल उपभोक्ताओं के अधिकारों और सुरक्षित लेन-देन पर चर्चा की। कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में आयोजित कार्यशाला में न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और साइबर विशेषज्ञों ने डिजिटल बाजार में उपभोक्ताओं के सामने आ रही समस्याओं पर विचार साझा किए। आयोग की अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुनीता यादव ने कहा कि मोबाइल और ई-वाणिज्य मंच दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। सुविधाओं के साथ धोखाधड़ी के तरीके भी तेजी से बदल रहे हैं। उन्होंने शिकायत निवारण व्यवस्था को सरल बनाने और नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। आयोग के रजिस्ट्रार श्रीमन् शुक्ला ने ई-वाणिज्य धोखाधड़ी, व्यक्तिगत जानकारी की चोरी, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी और डिजिटल शिकायतों के बदलते स्वरूप पर चर्चा की। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आयुक्त दिनेश जैन ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली से करीब 5.17 करोड़ उपभोक्ता जुड़े हैं। कार्यशाला में फर्जी ऑनलाइन समीक्षा, भ्रामक संस्थाओं, डेटा गोपनीयता, अनुचित व्यापार व्यवहार, डिजिटल भुगतान धोखाधड़ी और साइबर अपराध से बचाव के उपायों पर भी चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने सुरक्षित भुगतान, डिजिटल रिकॉर्ड और समयबद्ध शिकायत समाधान को भरोसेमंद डिजिटल बाजार के लिए जरूरी बताया।

## जल गुणवत्ता जांच के साथ 27 स्थानों पर सुधारे गए पाइपलाइन लीकेज

**नप्र, भोपालः** शहरवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा जल परीक्षण और पाइपलाइन सुधार का अभियान लगातार जारी है। निगम के जलकार्य विभाग ने सोमवार को शहर के 118 स्थानों से पानी के नमूने एकत्र कर जांच के लिए भेजे। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर जेपी नगर, न्यू आरिफ नगर, कैंची छोला, बुधवारा, त्रिलंगा, गुलमोहर, पंचशील नगर, शाहपुरा, बरखेड़ा कलां, मिसरोद, ऐशबाग सहित विभिन्न क्षेत्रों से जल नमूने लिए गए। इन नमूनों की जांच निगम की आठ परीक्षण शालाओं में की जा रही है। निगम के अनुसार अब तक शहर से कुल 27,981 जल नमूने एकत्र किए जा चुके हैं, जिनमें झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 12,834 नमूने भी शामिल हैं। जल गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित परीक्षण किया जा रहा है।

# कैनाल किनशिप कॉलोनी में श्रद्धापूर्वक हुआ शिव अभिषेक



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कैनाल किनशिप कॉलोनी में सावन के तीसरे सोमवार के पावन अवसर पर भगवान शिव का भव्य एवं श्रद्धापूर्वक अभिषेक किया गया।

इस धार्मिक आयोजन में कॉलोनी के रहवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जल, दुग्ध एवं पंचामृत से अभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

पूरे आयोजन के दौरान कॉलोनी का वातावरण भक्तिमय रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना एवं आरती में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी कामले, राजेंद्र गीते, शशांक साहू व प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। आयोजन के अंत में सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया। रहवासियों ने ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करने वाला बताया।

## भारतीय शास्त्रीय संगीत की सुरमयी शाम में डूबेगा मानव संग्रहालय

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल में भारतीय शास्त्रीय संगीत और सांस्कृतिक विरासत को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से 18 अगस्त को पद्मश्री पं. रोनू मजूमदार की विशेष बांसुरी वादन संध्या आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम शाम 5 बजे संग्रहालय के वीथी संकुल स्थित इंडोर ऑडिटोरियम में होगा।

इस अवसर पर देश के प्रसिद्ध बांसुरी वादक पद्मश्री पं. रोनू मजूमदार अपनी विशेष प्रस्तुति देंगे। उनके साथ बांसुरी पर कल्पेश साचला और तबले पर रमेंद्र सिंह सोलंकी संगत करेंगे। पं. रोनू मजूमदार भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रतिष्ठित कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी अनूठी बांसुरी वादन शैली से देश-विदेश में पहचान बनाई है। यह आयोजन संग्रहालय विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा स्पीक मैके भोपाल के सहयोग से किया जा रहा है। स्पीक मैके भारतीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक परंपराओं को विशेष रूप से युवाओं तक पहुंचाने के लिए कार्यरत संस्था है। संग्रहालय के जनसंपर्क अधिकारी हेमंत बहादुर सिंह परिहार ने बताया कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों और आगंतुकों को भारतीय संगीत की समृद्ध परंपरा से सीधे जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी में भारतीय कला और सांस्कृतिक विरासत के प्रति रुचि एवं संवेदनशीलता विकसित करना है। कार्यक्रम में बांसुरी वादन संध्या के माध्यम से शास्त्रीय संगीत प्रेमियों को एक यादगार अनुभव मिलने की उम्मीद है।

# दिव्यांग विद्यार्थियों की सुविधाओं और शिक्षा को प्राथमिकताः कुशवाह

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने सोमवार को उज्जैन प्रवास के दौरान हामूखेड़ी स्थित शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बच्चों के आवासीय विद्यालय तथा शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।

उन्होंने दोनों संस्थानों की शैक्षणिक और आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री ने अधिकारियों से विद्यार्थियों को मिल रही शिक्षा, भोजन, आवास, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं के बारे में जाना। बच्चों से बातचीत के दौरान उन्होंने उनकी पढ़ाई, रुचियों और भविष्य को लेकर भी चर्चा की।

कुशवाह ने अधिकारियों के साथ विद्यालयों की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य सरकार की प्राथमिकता है। विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। मंत्री ने कहा कि इन संस्थानों में बच्चों की जरूरतों के अनुरूप सुविधाओं को लगातार बेहतर किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्थाओं में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी और विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

## 'सेवा श्री' ने राशन सामग्री देकर शुरू किया सेवा अभियान

**भोपाल, ।** पीड़ित मानवता की सेवा के उद्देश्य से नवगठित सेवा श्री सामाजिक संस्था ने अपने सेवा अभियान की शुरुआत जरूरतमंदों, वृद्धजनों और आश्रमवासियों की सहायता से की। संस्था की ओर से आसरा वृद्ध आश्रम, शाहजहानाबाद, बाल निकेतन अनाथ आश्रम और मां आशापुरा दरबार अन्न क्षेत्र में आटा, चावल, दाल, तेल सहित आवश्यक राशन सामग्री सौंपी गई। संस्था के अध्यक्ष दुर्वेश मालवीय ने कहा कि सेवा श्री सामाजिक संस्था का गठन समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सेवा पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है। वरिष्ठ पदाधिकारी मुकेश शर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों तक समय पर भोजन और आवश्यक सामग्री पहुंचाना मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम है। समन्वयक भगवान दास ढालिया ने कहा कि सेवा का वास्तविक अर्थ जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाना है। सेवा अभियान में मुकेश शर्मा, मनीष पटेल, मनोज सोनी, राकेश बंटी गोगिया, अशोक सांकले, श्याम खेमचंदानी, हनीश माधवनी, दीपक जैन, प्रदीप अग्रवाल, अमित खूबचंदानी और मनोज हरदासानी ने सहभागिता की।

## अवैध निर्माण, ठेले और सड़क बाधक सामान पर निगम की कार्रवाई

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमणों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध निर्माण, सड़क और फुटपाथ पर किए गए कब्जों को हटाया।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर सीएम हेल्पलाइन, महापौर हेल्पलाइन और अन्य माध्यमों से मिली शिकायतों के निराकरण के साथ नियमित कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान एक अवैध निर्माण कार्य रुकवाया गया। इसके अलावा नालियों पर बने अवैध चबूतरे, फर्शियां, भवन निर्माण सामग्री, दुकानों के बाहर रखा सामान, ठेले, गुमठियां, पान पार्लर, काउंटर, बोर्ड, स्टूल और अन्य अतिक्रमण हटाए गए।

निगम दलों ने होशंगाबाद रोड, श्रीराम कॉलोनी, कोलार रोड, बिट्टन मार्केट, नेहरू नगर, भदभदा चौराहा, न्यू मार्केट, चौक बाजार, बुधवारा, अशोका गार्डन, गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र, करोंद, लालघाटी, बैरागढ़ सहित कई क्षेत्रों में कार्रवाई की। अशोका गार्डन में नाली के ऊपर बने दो अवैध चबूतरे हटाए गए। इमामबाड़ा क्षेत्र में नाली पर बनी कबाड़ की दुकान हटाई गई। वहीं विभिन्न स्थानों से सड़क पर खड़े चार पहिया और दो पहिया वाहनों को भी हटाया गया। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

# आजादी का उत्सव : गूंजे देश भक्ति के तराने, 48 कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप द्वारा देशभक्ति गीत के नाम कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें 48 गायकों ने प्रस्तुतियां दीं। अतिथियों ने कहा संगीत जीवन को आनंद से भर देता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष एवं आवास संघ राज्य मंत्री सुशील वासवानी, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दुर्गेश केसवानी, संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी, हीरो फैंस क्लब के अध्यक्ष हीरो हिंदू, सुरेश गर्ग, विवेक रश्मि दुबे और मोहन प्रतिषा सावले रहे। इस अवसर पर सेना के सेवानिवृत्त कर्नल नारायण पारवानी, कैप्टन मुकेश बाबू, हवलदार रामबचन सिंह और कुलदीप सिंह को शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। सुशील वासवानी ने संगीत को 'म्यूजिक थेरेपी' बताया, जबकि कर्नल पारवानी ने गायकों की सधी हुई गायकी की सराहना की। दुर्गेश केसवानी ने कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिए बधाई दी। देशभक्ति गीत प्रतियोगिता के जज संगीत निर्देशक सूर्या रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्रीमती ललिता मौर्य, द्वितीय श्रीमती बीनू यादव और तृतीय पुरस्कार श्रीमती रीना महता को मिला। कार्यक्रम का संचालन बीनू यादव ने किया। आयोजन को सफल बनाने में ग्रुप के संचालक रामचंद सबनानी, आयोजक योगेश मालानी, मुख्य सलाहकार रमेश जनयानी, उप संचालक चुनीलाल जेठानी, सुरेश तनवानी व अन्य का योगदान रहा।

## सिंधु भवन ट्रस्ट ने मनाया आजादी का पर्व, ध्वजारोहण हुआ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** मध्य प्रदेश सिंधु भवन ट्रस्ट द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेन्द्र मनवानी ने ध्वजारोहण कर सभी अतिथियों का स्वागत किया और स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।




मनवानी ने देश के विभाजन के समय सिंधी समाज द्वारा दिए गए अभूतपूर्व त्याग और बलिदान को याद करते हुए कहा कि आजादी में समाज का योगदान विश्व के इतिहास में एक अनूठा आदर्श है। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए सचेत किया कि देश विरोधी ताकतें अब युवाओं को जनरेशन-एक्स, जनरेशन-जेड या अल्फ़ा जैसी श्रेणियों में बांटने का षड्यंत्र रच रही हैं। उन्होंने युवा पीढ़ी से इन बहकावों से दूर रहकर देश के विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान महासचिव हरीश ज्ञानचंदानी ने ट्रस्ट के प्रमुख कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत किया। विधिक सलाहकार जीतेन्द्र जादवानी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अनिल चुघ, पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सदस्यः डॉ. सी. पी. देवानी, तुलसी नेनवानी, जयपाल सचदेव समाजसेवीः मनोज गोलानी, मोहन लालवानी, शंकर पंजवानी, रावतानी, श्रीमती जादवानी, दीपक कोटवानी तथा सिंधी समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**नप्र, भोपालः** मिसरोद थाना क्षेत्र में रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से 59 वर्षीय बनवारीलाल यादव की मौत हो गई। मृतक बागमुगलिया क्षेत्र का निवासी बताया गया है। स्टेशन मास्टर की सूचना के आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम किया। घटना की जांच की जा रही है।

**ऐशबाग में पुरानी बात को लेकर मारपीट और धमकी :** ऐशबाग थाना क्षेत्र में पुरानी बात को लेकर गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता अंकित अहिरवार ने आसू खान, नासिर सोहेल और अन्य के खिलाफ शिकायत की। पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बिजली बिल के नाम पर फोन से करीब 70 हजार की ठगी :** हबीबगंज थाना क्षेत्र में बिजली बिल के नाम पर फोन के जरिए 69,992 रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता के मोबाइल नंबर पर बिजली बिल से संबंधित बात कहकर ठगी की गई। पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**अयोध्यानगर में पैसों के विवाद पर गाली-गलौज और धमकी :** अयोध्यानगर थाना क्षेत्र में पैसों की बात को लेकर गाली देकर धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता शिवजीत सिंह ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मामला खेड़ापति मंदिर के पास का बताया गया है। पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

**निवेश के नाम पर 7.35 लाख रुपये की ठगी :** बागसेवनियां थाना क्षेत्र के साकेत नगर में मार्केट में निवेश के नाम पर 7 लाख 35 हजार 437 रुपये की ठगी का मामला सामने आया है।

# आई कैंप में 339 लोगों की आंखों की जांच, 39 मरीजों के हुए ऑपरेशन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने भोपाल उत्सव मेला समिति के सहयोग से राजधानी के मंगलवारा क्षेत्र में स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में निःशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया। शिविर में 339 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिसमें 171 पुरूष तथा 168 महिला षामिल थीं। इनमें से 39 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। सभी मरीजों को एंबुलेंस से सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय लाकर भर्ती कराया गया, जहां सोमवार को उनके मोतियाबिंद ऑपरेशन किये गये। जिन लोगों में मोतियाबिंद की षिकायत नहीं मिली, उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गईं। रोगियों के ब्लड प्रेशर और मधुमेह की जांच भी की गई। अगला शिविर शनिवार 22 अगस्त 2026 को नवयुवक सभा स्कूल, संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) भोपाल में लगेगा। इस अवसर पर पार्षद पूजा शर्मा, विनीता विकास सोनी, श्री दिगम्बर जैन मंदिर से आदित्य मनिया, विजय श्वेता, राजेश नायक, डॉ अनुराग, मनोज मन्नू, मेला समिति से चंद्रषेखर सोनी, नितिन जैन, मेला समिति से चंद्रषेखर सोनी उपस्थित थे।

**जन्म-तिथी-सूचना**

सुख देवी (Sukh Devi) पत्नी श्री मनोज कुमार चन्दा, रिटायर आर्मी नं- 15380786N, रैंक-टी एस नायक, की वास्तविक जन्म तिथी, कक्षा 10 वी की मार्कशीट, पेन कार्ड, आधार कार्ड के अनुसार जन्म तिथी 21/01/1977 है जो कि मेरे सभी दस्तावेजों में अंकित है, जो कि सत्य एवं सही हैं।

1331

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं मीरा सिसोदिया मेरे पुत्र का नाम शशांक सिसोदिया (नया नाम) निवासी चकल्दी तहसील रेहटी जिला सीहोर म.प्र पिन कोड 466446 जिसे अब तक शंशाक (पुराना नाम) कहा जाता था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में नाम शशांक सिसोदिया अंग्रेजी में नाम SHASHANK SISODIYA दर्ज है एवं माता का नाम मीरा सिसोदिया (MEERA SISODIYA) पिता का नाम दिनेश कुमार (DINESH KUMAR) दर्ज है । आधार कार्ड में पुत्र का नाम हिन्दी में शंशाक एवं अंग्रेजी में SHANSHAK दर्ज है । जो इस विलेख की तारीख से मै मेरे पुत्र का नाम हिन्दी में शशांक सिसोदिया अंग्रेजी में SHASHANK SISODIYA करता हूँ जिससे कि मेरे पुत्र शशांक सिसोदिया के नाम से ही पुकारा जाए व जाना जाए और पहचाना जाए न कि मेरे पुत्र के पूर्व नाम (शंशाक) से । एवं मेरे पुत्र को शशांक सिसोदिया के नाम से पढ़ा व जाना जाए और पहचाना जाय।

पुत्र का पूर्व नाम-शंशाक (SHANSHAK)
**नया नाम-शशांक सिसोदिया (SHASHANK SISODIYA)**

1330

**जाहिर सूचना**

**चल-अचल सम्पत्ति से बेदखली बाबात्**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती शांति देवी पत्नी स्वर्गीय श्री रामचंद्र निवासी मकान नंबर एम-1, बी-14, पटेल नगर, रायसेन रोड़ भोपाल (म.प्र.) एक किता मकान नंबर-एम-1, बी-14, पटेल नगर, रायसेन रोड भोपाल के स्वामी है। मेरी पक्षकार द्वारा उनके दो पुत्रों विनोद अविद्रे आत्मज स्वर्गीय श्री रामचंद्र एवं विजय अविद्रे आत्मज स्वर्गीय श्री रामचंद्र को अपनी सम्पूर्ण चल-अचल सम्पत्ति एवं उपरोक्त मकान से बेदखल कर दिया गया है। आज दिनांक 18.08.2026 के पश्चात् से मेरे पक्षकार की चल-अचल संपत्ति एवं उपरोक्त मकान, बैंक खातों में जमा धनराशि आदि पर दोनों पुत्रों क्रमशः विनोद अविद्रे एवं विजय अविद्रे का कोई हक व अधिकार नहीं होगा। विनोद अविद्रे एवं विजय अविद्रे से किसी भी प्रकार के लेन-देन के संबंध में मेरे पक्षकार की कोई जवाबदारी नहीं है। अतः सर्वसाधारण को एवं शासकीय/अशासकीय बैंको/ वित्तीय संस्थाओ / व्यक्तियों शासकीय/अशासकीय कार्यालयों को सूचित किया जाता है कि विनोद अविद्रे आत्मज स्वर्गीय श्री रामचंद्र एवं विजय अविद्रे आत्मज स्वर्गीय श्री रामचंद्र से अपने स्वयं की जिम्मेदारी पर लेन-देन व अन्य संव्यवहार आदि करें। विनोद अविद्रे एवं विजय अविद्रे से किसी भी प्रकार के लेन-देन, संव्यवहार आदि की कोई भी जवाबदारी मेरे पक्षकार की नहीं होगी। सूचित हो।

**अशोक गुप्ता अधिवक्ता**
**मॉ लॉ चेम्बर कार्यालय-यूजी 27, नियर केपीटल पेट्रोल पम्प करतार आर्केड, रायसेन रोड, भोपाल (म.प्र.)-462023**
**मोबाइल 9755108265, 9826721494**

1329

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री गोपाल सिंह राघव पुत्र श्री धर्मवीर सिंह राघव, उम्र 56 वर्ष, निवासी क्लोवर-501, शालीमार टाउनशिप, विजय नगर, इंदौर, मध्यप्रदेश के स्वामित्व एवं आधिपत्य की निम्न वर्णित भूमि का विक्रय श्री प्रयाग उपाध्याय पुत्र श्री रामजीशरण उपाध्याय, निवासी कोलार रोड, भोपाल, मध्यप्रदेश के पक्ष में किया जाना प्रस्तावित है। संपत्ति का विवरणः ग्राम बैरागढ़ चीचली, कोलार रोड, भोपाल , मध्यप्रदेश मूल सर्वे/खसरा क्रमांक -9, 13 एवं 18/4/1 नवीन खसरा क्रमांक 122/3 उक्त संपत्ति के संबंध में स्वामित्व, हक, टाइटल, राजस्व अभिलेख एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों की पूर्ण जाँच (Title Search/Revenue Record Search/Ownership Verification) किए जाने हेतु मेरे पक्षकार द्वारा श्री प्रयाग उपाध्याय पुत्र श्री रामजीशरण उपाध्याय, निवासी कोलार रोड, भोपाल, मध्यप्रदेश को अपनी ओर से उक्त संपत्ति के संबंध में संबंधित शासकीय/राजस्व कार्यालयों एवं अभिलेखों में जाँच एवं सत्यापन करने हेतु अधिकृत/अनुमति प्रदान की गई है। अतः उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था या अन्य किसी पक्ष को कोई अधिकार, स्वत्व, हित, दावा, आपत्ति, बंधक, ऋणभार, गिरवी, लीज, कब्जा, विक्रय अनुबंध, हस्तांतरण, न्यायालयीन वाद अथवा अन्य किसी प्रकार का भार या हित हो, अथवा उक्त संपत्ति के प्रस्तावित विक्रय पर किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपने दावे/आपत्ति के समर्थन में समस्त मूल दस्तावेजों अथवा उनकी प्रमाणित प्रतियों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत नहीं की जाती है तो यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था का कोई वैध दावा अथवा आपत्ति नहीं है तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में प्रस्तावित विक्रय एवं विक्रय विलेख के पंजीयन की कार्यवाही आगे बढ़ाई जाएगी। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत की जाने वाली किसी भी आपत्ति अथवा दावे के लिए संबंधित व्यक्ति/संस्था स्वयं उत्तरदायी होगी तथा ऐसी आपत्ति को स्वीकार करने का दायित्व मेरे पक्षकार पर नहीं होगा।

**R.K. Sengar**
**Pracheta Mishra Adv.**
**Office: Flat No.413, 3rd Floor, Lucky Plaza, Malviya Nagar, Bhopal (M.P.) Residence:DK-2/150, Danish Kunj, Kolar Road, Bhopal )**
**Contact:7067652664**

1328

**नोटिस बनाम फरीकैन बाबत तारीख पेशी समक्ष राजस्व मंडल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर**

**श्रीमती सरोज गुप्ता विरूद्ध साई होम्स एण्ड डेव्हलोपर्स द्वारा प्रोपराईटरस**

**. . रिस्पोडेन्ट/प्रतिपार्थी**

**(2) साई होम्स एण्ड डेव्हलोपर्स द्वारा-प्रोपराईटस- पिता अजीत सिह आ. भरत सिंह राजपूत निवासी-टी- 2 कृष्णा आर्केट, बागसेनिया, तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.)**

का नोटिस दिया जाता है कि अपीलांट/प्रार्थी के बनाराजी कमिश्नर कलेक्टर साहब अपर आयुक्त की आज्ञा दिनांक 07/03/2018... अपील/ रिवीजन दायर की गयी है जो इस न्यायालय मे दर्ज रजिस्टर की गयी है। और उसकी कायमी मूलवाद की सुनवाई तारीख 20-08-2026 का व मुकाम कैंप भोपाल 10 :30 बजे दिन को होगी इसलिए अगर उक्त दिनांक को आप खुद या आपके मुख्तार या वकील हाजिर न हुए तो मुकदमे का फैसला एकतर्फी किया जावेगा, दस्तखत मेरे व मुहर बोर्ड से आज तारीख 11/08/2026 को जारी किया गया।

**क्लर्क ऑफ़ कोर्ट**
**राजस्व मंडल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर**

1327

**सिटी जन साख सहकारी संस्था मर्यादित. भोपाल**

पंजीयन क्रमांक DR/BPL/ 125626 दिनांक 09.12.2022 पंजीकृत पता 627/9 बी, साकेत नगर भोपाल वर्तमान पता 338 मोहित टावर मन्दाकिनी कालौनी कोलार रोड भोपाल

**क्रमाक 2026/35 दिनांक 07-08-2026**

**वार्षिक साधारण (आम) सभा की सूचना**

संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा दिनांक 23-08-2026 दिन रविवार को समय दोपहर 12 बजे स्थान संस्था कार्यालय 338 मोहित टावर मन्दाकिनी कालौनी कोलार रोड भोपाल में आयोजित की गई है जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**सुश्री प्रियंका (अध्यक्ष)**
**सिटी जन साख सहकारी संस्था मर्यादित. भोपाल**

1326

**कार्यालय : प्रतीक गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

(पंजीयन क्रमांक/डी. आर.बी./633, दिनांक 06.04.1995) पता-नावेल्टी टॉवर, 5-ए, जे.के. रोड, इन्द्रपुरी, भोपाल (म.प्र.)-462022

क्रमांक/AGM/2026/क्यू-
भोपाल, दिनांक 08.08.2026

**वार्षिक साधारण सभा की सूचना**

प्रतीक गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल के समस्त अंशधारी सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 23.08.2026, दिन रविवार को स्थान नावेल्टी टॉवर, 5-ए, जे.के. रोड, इन्द्रपुरी, भोपाल पर समय प्रातः 11:00 बजे आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**(मोहम्मद असलम खान)**
**अध्यक्ष**
**प्रतीक गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

1325